an>

Title: Need to extend Bundelkhand region like benifits to areas along river Yamuna in Akbarpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर) ः मेरे निर्वाचन क्षेत्र अकबरपुर (उत्तर प्रदेश) में कानपुर नगर की चार विधान सभाएं कल्याणपुर, महाराजपुर, घाटमपुर, बिठूर एवं कानपुर देहात जनपद की अकबरपुर रनियां विधान सभा सम्मिलित हैं। लोक सभा का क्षेत्र माँ गंगा नदी के बिठूर से शुरू होकर दक्षिणी सीमा में यमुना नदी से सीमांकित होता है। दोनों नदियों के बीच के क्षेत्र में कानपुर नगर एवं कानपुर देहात जनपदों का अधिकांश भाग उबड़-खाबड़, पठारी, अनुपजाऊ एवं यमुना नदी के किनारे का क्षेत्र बीहड़ के रूप में है। इस क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं वनस्पतिक स्थितियां बुन्देलखण्ड जैसी हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश के सीलिंग एक्ट में यमुना की गहरी धारा से 16 किलो मीटर तक उत्तर की ओर जोत सीमा का निर्धारण बुन्देलखण्ड के समान निर्धारित करने का प्रावधान किया गया है जिससे स्पÂट है कि राज्य सरकार ने भी इस क्षेत्र को बुन्देलखण्ड जैसा माना है परंतु अत्यंत खेद का विÂाय है कि बुन्देलखण्ड जैसी परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए अभी तक इस क्षेत्र को बुन्देलखण्ड जैसी सुविधाओं से कानपुर नगर एवं कानपुर देहात को वंचित रखा गया है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र अकबरपुर सहित कानपुर नगर एवं कानपुर देहात के क्षेत्र जो यमुना नदी के किनारे से बुन्देलखण्ड क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, को बुन्देलखण्ड जैसी सुविधाओं से परिपूर्ण किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए शीघ्र उचित कदम उठाये जाएं, जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को इसका लाभ मिल सके।